News सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-260
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

**आज का विचार**

आत्मविश्वास के साथ चला गया हर एक कदम जन-हितकारी होता है।'

# बिहार सिटी चीफ




CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

बिहार, बुधवार, 25 दिसम्बर 2024

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

# डीआरआई की टीम ने विदेशी सिगरेट की बड़ी खेप को किया जब्त

## बांस के नीचे छिपाकर की जा रही थी तस्करी



**मुजफ्फरपुर**, मुजफ्फरपुर में डीआरआई की टीम ने डेढ़ करोड़ रुपए से अधिक की विदेशी सिगरेट की एक बड़ी कंसाइनमेंट को जब्त किया है। पुलिस का कहना है कि विदेशी सिगरेट की खेप को बांस के नीचे छिपाकर ले जाया जा रहा था। यह कार्रवाई गायघाट थाना क्षेत्र के एनएच 57 स्थित मैट्ठी टोल प्लाजा के पास की गई है। नॉर्थ ईस्ट म्यांमार निर्मित सिगरेट की खेप को गुवाहाटी के रास्ते दिल्ली ले जाया जा रहा था। इस क्रम में ने उत्तर प्रदेश राज्य के मुरादाबाद जिले के दो लोगो को गिरफ्तार किया गया है। बांस की आड़ में की जा रही थी तस्करी इस मामले में पुलिस का कहना है कि डीआरआई की टीम को एक गुप्त सूचना मिली थी कि म्यांमार में बनी हुई सिगरेट की खेप को तस्कर दिल्ली और इसके आसपास के इलाकों में सप्लाई करने के लिए लेकर आ रहे हैं। सूचना मिलते ही DRI की टीम ने जाल बिछाया और सघन जांच अभियान को तेज किया। इसी दौरान गायघाट थाना क्षेत्र के NH 57 ईस्ट वेस्ट कॉरिडोर के पास स्थित टोल प्लाजा समीप में एक कंटेनर आता हुआ दिखाई दिया। कंटेनर को देखते ही टीम सजग हो गई और घेराबंदी करते हुए उसको पकड़ लिया। कंटेनर को खुलवाकर कंटेनर की जांच की गई। बांस को हटाने पर उसके अंदर में ईस्ट एशिया के म्यांमार में बनी हुई सिगरेट की खेप बरामद की गई। पूछताछ के दौरान इस बात का खुलासा हुआ कि विदेश में बनी हुई सिगरेट को तस्कर नए साल के मौके पर दिल्ली और उसके आसपास के क्षेत्रों में इसकी सप्लाई करने वाले थे। छ्रझ्ठ ने इस मामले में दो लोगो को पकड़ा है जिसमें दोनों ही कंटेनर के चालक और सहायक है और दोनो उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के रहने वाले हैं। दोनो से छ्रझ्ठ की टीम पूछताछ कर रही है। टीम का कहना है कि विदेशी सिगरेट के बैकवर्ड लिंकेज और फॉरवर्ड लिंकेज की जानकारी जुटाई जा रही है।

### बिहार में धरा गया फर्जी दारोगा, चुनाव में भी करता था ड्यूटी

# नौकरी वाला बताकर रेलवे में कार्यरत महिला से रचाई थी शादी





**भोजपुर**, बिहार के भोजपुर जिले में एक फर्जी दारोगा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। फर्जी दारोगा थाने में जाकर रौब झाड़ा करता था और लोगों को धमकाता था। जब वह आरा के बिहिया थाने में पहुंचा और लोगों को धमका रहा था तभी पुलिस को शक हुआ। पुलिस ने पूछताछ की तो उसका भंडाफोड़ हो गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर उसकी वर्दी, बेल्ट, बैच और टोपी बरामद की। बिहिया थाना पुलिस की टीम ने इस बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है।

**परिवार को भी नहीं थी भनक**

गिरफ्तार फर्जी दारोगा गड़हनी थाना क्षेत्र के मदुरा गांव निवासी अनिल सिंह का पुत्र राकेश कुमार सिंह है। वह करीब डेढ़ साल से रोहतास जिले के काराकाट थाना क्षेत्र के जमुआ गांव में अपना डेरा जमाये हुए था। बताया जा रहा है कि वह करीब डेढ़ साल से फर्जी दारोगा बनकर भोजपुर, रोहतास सहित अन्य जिलों में जाकर अपनी धौंस दिखा लोगों को मूर्ख बनाता था। उसके परिवार वालों को भी इसकी भनक नहीं थी। उसने अपनी पत्नी से भी झूठ बोला था।

**ऐसे आया पकड़ में**

जगदीशपुर एस डी पी ओ ने बताया कि बीते 10 अक्टूबर को वो बिहिया थाने में फर्जी दारोगा बनकर पहुंचा था। थाना पहुंचने पर उसने कहा कि मैं केस के सिलसिले में आया हूं, मुझे कुछ जानकारी चाहिए। फिर कुछ देर बाद निकल गया। तभी बिहिया थाना पुलिस को उस पर शक हुआ। उन्होंने जांच की तो पता चला कि वह एक फर्जी दारोगा है। इसी बीच मंगलवार को पुलिस को सूचना मिली कि वो फर्जी दारोगा बिहिया बाजार में आया हुआ है जिसके बाद पुलिस फौरन वहां गई और उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

गिरफ्तार फर्जी दारोगा राकेश कुमार सिंह ने बताया कि जब वह पूर्व में बिहिया थाने में फर्जी दारोगा बनकर आया था। तभी एक महिला दरोगा से उसका संपर्क हुआ था। उसी समय दोनों ने एक-दूसरे का नंबर आदान-प्रदान किया था। इसके बाद दोनों बातचीत भी करने लगे थे और उनमें दोस्ती हो गई थी। फिर जब वो बिहिया बाजार में एक बहुभोज में शामिल होने के लिए आया था तभी पुलिस पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया।

**नौकरी वाला बताकर रेलवे में कार्यरत महिला से रचाई थी शादी**

पकड़े गए आरोपित ने पूछताछ में बताया कि वह शादीशुदा है और उसकी पत्नी छत्तीसगढ़ में रेलवे विभाग में नौकरी करती है। शादी के समय अपने को तकनीशियन बताया था। जब पुलिस ने पत्नी से संपर्क किया तो वह भी पति के नकली दारोगा होने की बात सुनकर अवाक रह गई। परिवार के सदस्य भी चकित थे। पत्नी को आज तक यही जानकारी थी कि उसका पति राकेश नकली दारोगा है। एक साल पहले उसकी शादी हुई थी। पुलिस ने फर्जी दारोगा को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

वहीं, इस मामले में स्न्नढ्ढक्र दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। घटना के संदर्भ में जगदीशपुर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजीव चंद्र सिंह ने बताया कि फर्जी दारोगा थाने में पहुंचकर रौब दिख रहा था, शक के आधार पर कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने अपनी गलती कबूल कर ली। फिलहाल मेडिकल जांच के बाद फर्जी दरोगा को पुलिस ने जेल भेज दिया है और आगे की करवाई में जुट गई है।

### 1.15 करोड़ का वसूला चालान, 9 हथियार व कई अपराधी समेत कैश बरामद

# बिहार पुलिस ने राज्यभर में की 38,500 वाहनों की चेकिंग





बिहार पुलिस द्वारा 23 और 24 दिसंबर को राज्य के सभी जिलों में पुलिस अधीक्षक व वरीय पुलिस पदाधिकारियों के नेतृत्व में विशेष समकालीन अभियान चलाया गया था। इस दौरान लगभग 38,573 वाहनों की चेकिंग की गई। इसी कड़ी में 127 वाहनों को जब्त करते हुए उनपर लगभग 1,15,08,100 रुपये का फाइन लगाया गया। बता दें कि बिहार पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर वाहनों की चेकिंग की गई। इस चेकिंग में 996 वांछित अभियुक्तों एवं 288 वारंटियों को भी गिरफ्तार किया गया है। साथ ही इस चेकिंग के दौरान कई वाहनों में से भारी मात्रा में देसी व विदेशी शराब व 9 हथियार भी बरामद किए गए हैं।

इसी क्रम में सोमवार को देर पुलिस ने गाड़ी चेकिंग अभियान के दौरान एक कार से 70 लाख रुपये से अधिक का कैश बरामद किया है। इतनी मात्रा में कैश मिलने के बाद पटना पुलिस द्वारा इस घटना की सूचना आयकर विभाग को दी गई। पकड़े गए रुपये एक कारोबारी के बताए जा रहे हैं। पुलिस पैसे के स्त्रोत और मकसद की जांच कर रही है। पैसा जिस कारोबारी का है उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि वाहन जांच अभियान जारी रहेगा। नए साल के नजदीक आते ही सभी थानों की पुलिस को सक्रिय रहने को कहा गया है। रात के अलावा दिन में भी पुलिस वाहनों की चेकिंग और जांच करेगी।

**व्यापारी से इनकम टैक्स की टीम कर रही पूछताछ**

बता दें कि जिस वाहन से 70 लाख रुपये बरामद किए गए हैं और पैसे जिस व्यापारी के बताए जा रहे हैं, उनसे इनकम टैक्स की टीम पूछताछ कर रही है। पैसा कहां से आया, कहां से ला रहे थे, कहां ले जा रहे थे और पैसे का इस्तेमाल कैसे होना था, इन सवालों का इनकम टैक्स जवाब पूछ रही है। पटना में पुलिस को विशेष अभियान से मिली कामयाबी के बाद पैसों को गिनने के लिए नोट गिनने की मशीन भी मंगवाई गई। बता दें कि इससे पहले बिहार मुजफ्फरपुर में 134 पुलिसकर्मियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया था।

दरअसल आरोप है कि इन पुलिसकर्मियों ने तबादले के बाद 943 केस से जुड़ी फाइल संबंधित अधिकारी को नहीं सौंपी है। इस वजह से इन केसों में आगे की कार्रवाई नहीं हो पा रही है।

# पूर्णिया और मुजफ्फरपुर में सड़क हादसे में दो लोगों की मौत

### यहां पर पोल से टक्कर के बाद जली कार

पूर्णिया में तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। मौत उस वक्त हुई जब युवक आर 15 बाइक से ससुराल पूर्णिया आ रहे थे। मौत के बाद परिजनों में मातम पसरा हुआ है। सूचना के बाद गुलाबबाग टीओपी पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पूर्णिया जीएमसीएच भेज दिया और दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को जब्त कर लिया है। घटना मंगलवार देर रात्रि सदर थाना क्षेत्र के सोनौली चौक के पास घटी है। मृतक की पहचान मुफस्सिल क्षेत्र के वीरपुर पोखरिया निवासी मो जाहिर के पुत्र जसिन (25 वर्ष) के रूप में है।

एक वर्ष पूर्व पूर्णिया शहर में हुई थी

मृत के भतीजा वसीम ने बताया कि चाचा जसिन की शादी एक वर्ष पूर्व पूर्णिया शहर में हुई थी। देर रात्रि पत्नी के फोन आने के बाद मिलने के लिए पूर्णिया आ रहे थे। इसी सोनौली चौक ट्रक जीरो माइल से पूर्णिया की तरफ जा रहे थे। तेज रफ्तार बाइक होने के कारण बाइक ट्रक में जा घुसी। इससे युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहां के स्थानीय लोगों द्वारा युवक के इलाज के लिए पूर्णिया जीएमसीएच में भर्ती कराया गया। डॉक्टर ने भी जांच के दौरान युवक को मृत घोषित कर दिया। सोनौली चौक पर मौजूद पुलिस के द्वारा दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को अपने कब्जे में लिया। साथ ही ट्रक चालक और उप चालक को गिरफ्तार कर लिया है।



**पोल से टकराई कार**

मुजफ्फरपुर में तेज रफ्तार का बड़ा कहर देखने को मिला है। एक तेज रफ्तार कार राहगीर को रौंदते हुए एक बिजली के पोल से जा टकराई है। उक्त कार में अचानक आग लग गई और मौके पर पूरी कार धू-धूकर जल गयी। इस दौरान कार में सवार लोगों को बाहर में निकाल लिया गया है। पूरा मामला जिले के बोचहा थाना क्षेत्र इलाके के भूसाही ह॥ 57 फोर लेन के पास की बताई गई है। कार में आग लगने के बाद से मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे बोचहा थाना की पुलिस और अग्निशमन विभाग मौके पर पहुंच मामले की जांच में जुट गई है। आग पर काबू पाया जाने में जुटी हुई है। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि दरभंगा की ओर से आ रही एक कार ने एक राहगीर को रौंदते हुए बिजली के पोल में जाकर जबरदस्त टक्कर मार दी। इसके कारण कार में देखते-देखते आग लग गई। कार पूरा जलकर खाक हो गयी।

# घना कोहरा और कई जिलों में बारिश का अनुमान, बिहार में मौसम का हाल

दिसंबर का महीना खत्म होने वाला है और बिहार में ठंड का असर अब तक नहीं दिख रहा है। लोगों को अभी तक कड़ाके की ठंड का अहसास नहीं हुआ है।

पछुआ हवा की वजह से बिहार में अभी ठंड का ज्यादा असर नहीं दिख रहा है। बुधवार को भी सुबह के वक्त बिहार के अधिकांश जिलों में सामान्य ठंड रही। हालांकि, कई जगहों पर कोहरा जरूर नजर आया।



हालांकि, मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि अगले 2-3 दिनों में बिहार में मौसम करवट ले सकता है। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि बिहार के उत्तर-पूर्वी और दक्षिण-पूर्व के कुछ जिलों में अगले तीन दिनों के दौरान घना कोहरा देखने को मिल सकता है। राज्य के कुछ अन्य हिस्सों में भी मध्यम स्तर का कोहरा देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग ने यह भी अनुमान जताया है कि 27 दिसंबर यानी शुक्रवार से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो सकता है।

पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की वजह से बिहार के कुछ जिलों में हल्की बारिश का पूर्वानुमान है। अनुमान जताया गया है कि 28 और 29 दिसंबर को सुपौल, मधेपुरा, भोजपुर, रोहतास, बक्सर, दरभंगा, मधुबनी, वैशाली, पटना, सारण समेत कुछ अन्य जिलों में बारिश हो सकती है। यह भी अनुमान जताया गया है कि तापमान गिरने की वजह से बिहार में मौसम बदलेगा और ठंड बढ़ सकती है।